# मीजल्स (खसरा)

Hindi | हिन्दी

विक्टोरिया और दुनिया भर में खसरे के मामलों में वृद्धि हुई है।

मीजल्स-मम्पस-रूबेला (MMR) वैक्सीन की दो खुराकें खुद को, अपने परिवार और समुदाय को खसरे से बचाने का सबसे अच्छा तरीका है।

## मीजल्स (खसरा) क्या होता है?

खसरा एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो संक्रमित व्यक्ति के सांस लेने, खांसने या छींकने पर हवा के माध्यम से आसानी से फैलती है।

खसरा खतरनाक हो सकता है, खासकर शिशुओं, छोटे बच्चों, गर्भवती लोगों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए।

गंभीर खसरे की स्थिति अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु का कारण बन सकती है।

## मीजल्स (खसरे) के लक्षण क्या होते हैं?

लक्षण आमतौर पर एक्सपोजर (संक्रमित होने) के 7 से 18 दिन बाद दिखाई देते हैं और इसमें बुखार, खांसी, नाक बहना, आंखों का लाल होना तथा इनमें से पानी बहना और शरीर पर दाने होना शामिल हो सकता है।

**अगर आपको लगता है कि आपको खसरा है, तो जांच करवाएं। स्वास्थ्य सेवा को यह सलाह देने के लिए कॉल करें कि हो सकता है कि आप खसरे से संक्रमित हैं और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए अच्छे से फिट होने वाला फेस मास्क पहनें।**

## अपनी सुरक्षा कैसे करें

प्रतिरक्षा (इम्युनिटी) के लिए MMR वैक्सीन की दो खुराकें आवश्यक होती हैं। यदि आपने दो खुराकें नहीं ली है, या आपको इसकी कोई जानकारी नहीं है, तो टीकाकरण करवाएं।

यह सुनिश्चित करने केलिए अपने जीपी (डॉक्टर) या स्थानीय फार्मासिस्ट से बात करें कि आपको और आपके परिवार को दो खुराकें मिल गई हैं, या यहाँ जांच करें: <https://www.betterhealth.vic.gov.au/health/healthyliving/how-to-find-your-immunisation-records>

यदि आप यात्रा कर रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपने MMR वैक्सीन की दो खुराकें ले ली हैं। यदि आप दोस्तों और परिवार से मिलने जा रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपके टीकाकरण अप-टू-डेट हैं।

विक्टोरिया में, MMR टीका मुफ्त है यदि आप:

- नेशनल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम (राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम) के तहत पात्र हैं:
  - आप 12 से 18 महीने की आयु के शिशु हैं
  - 20 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति हैं जिसे कैच-अप टीकाकरण की आवश्यकता है
  - किसी भी आयु के शरणार्थी और मानवीय प्रवेशकर्ता हैं।
- विक्टोरियन राज्य द्वारा वित्त पोषित MMR कार्यक्रम के तहत पात्र हैं:
  - 1966 के दौरान या उसके बाद पैदा हुआ कोई भी व्यक्ति जिसे MMR वैक्सीन की दो खुराकें नहीं मिली हैं।
  - विदेश यात्रा करने से पहले 6 -11 महीने की आयु के शिशु

राज्य द्वारा वित्त पोषित MMR वैक्सीन प्राप्त करने के लिए किसी मेडिकेयर कार्ड की आवश्यकता नहीं है।

खसरे के बारे में तथा इस संबंधी और अधिक जानकारी के लिए कि अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा कैसे करें Better Health Channel – Measles पर जाएं <https://www.betterhealth.vic.gov.au/health/conditionsandtreatments/measles>

इस दस्तावेज़ को किसी अन्य प्रारूप में प्राप्त करने के लिए, यदि आवश्यक हो तो राष्ट्रीय रिले सेवा 13 36 77 का उपयोग करके 1300 651 160 पर फोन करें, या infectious.diseases@health.vic.gov.au <infectious.diseases@health.vic.gov.au>पर ईमेल करें।

विक्टोरिया सरकार, 1 Treasury Place, Melbourne द्वारा प्राधिकृत एवं प्रकाशित।

© विक्टोरिया राज्य, ऑस्ट्रेलिया, स्वास्थ्य विभाग, मई 2025।